[समय: ३ घंटे] [पूर्णांक : १००]

**कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं |**

**सूचनाए: १. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |**
**२. दायीं ओर के अंक पूर्ण अंक दर्शाते हैं |**
**3. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उपक्रमांक अवश्य लिखे |**

**प्रश्न १. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **(३०)**

(क) "वैतरणी करोगे पार
दूसरों के कन्धे पर
अन्धों की जमात में
अपंगों का अभिनय ?
कटवा दो अपनी टाँगें
टाँगे दो दरख्तों पर
नंगापन पतझर का
कुद्‌ ती ढक जाएगा।"

**अथवा**

"'हम दीवानों की क्या हस्ती', आज यहाँ कल वहाँ चले | मस्ती का आलम साथ चला, हम धूल उड़ाते जहाँ चले |"

(ख) "देखिए मैं पाकिस्तान में कोई धंधा नहीं करूँगा. एक तो आबिदा वहाँ जाएगी नहीं, दूसरे अब तो बुश्रा का भी सोचना पड़ता है, और तीसरा यह कि अपना तो सारा मुल्क ही करप्शन का मारा हुआ है. इतनी रिश्वत देनी पड़ती है कि दिल करता है सामने वाले को चार जूते लगा दूँ ऊपर से नीचे तक सब करप्ट अगर हम दोनों को मिल कर कोई काम शुरू करना है तो यहीं इंग्लैंड में रह कर करना होगा।"

**अथवा**

"इसी दिन के लिए छोड़ गये थे शाहजी उसे? बेजान सी शाहनी की ओर देख कर बेगू सोच रहा है - 'क्या गुजर रही है शाहनी पर, मगर क्या हो सकता है। सिक्का बदल गया।'"

**प्रश्न २. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(२०)**

(च) 'गदल' कहानी में ग्राम जीवन का चित्रण किस प्रकार से दर्शाया हैं, उसे विस्तार से लिखिए |

**अथवा**

'वापसी' कहानी में परम्परा और आधुनिकता का द्वंद्व हैं | स्पष्ट कीजिए |

(छ) ''बाघ' कविता में कवि काव्य उपादान का सहारा नहीं लेते |' इस कथन की विवेचना कीजिए|

**अथवा**

'धूमिल' हमारे देश के जनतंत्र पर एक गहरी आलोचनात्मक टिप्पणी करते हैं |' इसे 'किस्सा जनतंत्र' कविता के माध्यम से स्पष्ट कीजिए |

**प्रश्न ३. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए |** **(१०)**

(प) 'कहाँ तो तय था चिरागा हर एक घर के लिए' ग़ज़ल का केंद्रीय भाव |

**अथवा**

'विद्रोहिणी' कविता में स्त्री पर समाज द्वारा थोपी गई वर्जनाओं का संक्षिप्त में चित्रण कीजिए |

(फ) 'अकेली' कहानी में सोमाबुआ के अकेलेपन का दुःख |



XJAYANTOYF2918EXJAYANTOYF2918EXJAYANTOYF2918EXJAYANTOYF2918E

**अथवा**

‘दलित ब्राह्मण’ कहानी में भ्रष्टाचार |

**प्रश्न ४. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए |** **(१०)**

१. ‘गणपति-गणनायक’ कहानी के लेखक का नाम लिखिए ?

२. ओमप्रकाश वाल्मीकि ‘घुसपैठिए’ के माध्यम से किस समाज की समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट करते हैं?

३. ‘बात बोलेगी’ कविता में बुद्धि कैसी हैं?

४. जनता ने किस नेता की बात मानी थी?

५. सुभाष सोनकर ने कहाँ आत्महत्या कर ली थी?

६. शमशेर बहादुर सिंह की कौनसी कविता सच्चाई के पक्ष में खडी हैं?

७. किस कवि को प्रकृति का कवि कहाँ जाता हैं?

८. राष्ट्रकवि का सन्मान किसे मिला?

९. गणेश की मूर्तियाँ किसकी दुकान पर सजी थी?

१०. बसंती हवा में कौन हँसा?

**प्रश्न ५. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए |** **(१०)**

१. इंटरनेट : वरदान या अभिशाप

२. वर्तमान शिक्षा प्रणाली

३. यदि मैं पंतप्रधान होता तो

४. साहित्य और समाज

**प्रश्न ६. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए|** **(१०)**

**१) निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए |**

अ) शासिका, आ) प्रेषक,

इ) नपुंसक, ई) माली

**२) निम्नलिखित शब्दों के वचन परिवर्तन कीजिए |**

अ) गुरु, आ) स्त्री,

इ) माला, ई) किताब

**३) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए |**

अ) झंडा, आ) पत्थर,

इ) झरना, ई) जंगल

**४) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए |**

अ) क्रय, आ) कोमल,

इ) छली, ई) ज्ञानी

**५) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए |**

अ) आकाश-पाताल एक कर देना, आ) कमर कसना

इ) अंधे की लाठी ई) आसमान सिर पर उठाना

**(आ) निम्नलिखित अवतरण का पल्लवन लिखिए |** **(१०)**

“जीवन शक्ति को शरीर में धारण करने की क्षमता ही ब्रह्मचर्य है |”

********



XJAYANTOYF2918EXJAYANTOYF2918EXJAYANTOYF2918EXJAYANTOYF2918E